No. of Printed Pages : 4

बी.एस.के.एफ.-001

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

00341

दिसम्बर, 2018

बी.एस.के.एफ.-001 : संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं ***चार*** को शुद्ध रूप में लिखिए : *2*

उन्नती, जगदीस, आर्शीवाद, आभ्यनतर, बर्नमाला, परिभासा ।

(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से किसी ***एक*** को चुनते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : *2*

(अ) छात्रा: पत्रं ________ ।
(पठिष्यन्ति, पठाव:)

(ब) दशरथ: रामलक्ष्मणयो: पिता ________ ।
(असानि, आसीत्)

(स) रामेण ________ पिता नगरं गच्छति ।
(प्रति, सह)

(द) ________ नाम किम् अस्ति ?
(तुभ्यम्, तव)

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के निर्दिष्ट रूप लिखिए : 2

(अ) सखि (पुँल्लिग) पञ्चमी विभक्ति, एकवचन

(ब) रमा (स्त्रीलिंग) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन

(स) अस्मद्, षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

(द) चतुर् (स्त्रीलिंग) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* धातुरूपों में धातु, लकार, पुरुष एवं वचन का निर्देश कीजिए : 2

भूयात्, गमिष्यन्ति, याचे, नमामि ।

3. निम्नलिखित पदों में धातु एवं प्रत्यय को अलग करके दिखाइए : 4

आगत्य, आसीनः, करणीयः, जीवितवान् ।

4. कर्तृवाच्य के निम्नलिखित प्रयोगों को कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए : 4

(क) छात्राः वेदान् पठन्ति ।

(ख) बालिका पत्रं लिखति ।

(ग) अहं ग्रामं गच्छामि ।

(घ) वानराः फलानि खादन्ति ।

5. (क) निम्नलिखित पदों में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 2

पितॄणम्, गङ्गोदकम्, वागीशः, रामश्चलति ।

(ख) निम्नलिखित वर्णों के उच्चारण स्थान लिखिए : 2

य्, प्, ट्, द् ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** विषयों पर लगभग 100 – 150 शब्दों में आलेख लिखिए : *8*

(क) यक्ष-युधिष्ठिर-संवाद

(ख) गद्यकाव्य

(ग) कठोपनिषद् की शिक्षा

(घ) आयुर्वेद

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में संस्कृत भाषा में निबन्ध लिखिए : *8*

(क) वेदानां महत्त्वम्

(ख) विद्याधनं सर्वधन प्रधानम्

(ग) भारतीय प्रजातन्त्रम्

(घ) सत्सङ्गति:

8. निम्नलिखित पद्य को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

वर्षमावपतां श्रेष्ठं बीजं निवपतां वरम् ।
गाव: प्रतिष्ठमानानां पुत्र: प्रसवतां वर: ।।

(क) वर्षा किनके लिए श्रेष्ठ है ?

(ख) प्रतिष्ठा प्राप्त करने वालों में क्या श्रेष्ठ है ?

(ग) पुत्र किनके लिए श्रेष्ठ है ?

(घ) वपन करने वालों के लिए क्या श्रेष्ठ है ?

9. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *4*

(क) अकिञ्चन: सन् प्रभव: स सम्पदां त्रिलोकनाथ: पितृसद्मगोचर: ।
स भीमरूप: शिव इत्युदीर्यते न सन्ति याथार्थ्यविद: पिनाकिन: ।।

(ख) लतेव विटपकानध्यारोहति । गङ्गेव वसुजनन्यपि
तरङ्गबुद्-बुद-चञ्चला । दिवसकरगतिरिव प्रकटित –
विविधसंक्रान्ति: । पातालगुहेव तमोबहुला ।

(ग) पितु: प्राणपरित्यागं मातुरैश्वर्यलुब्धताम् ।
ज्येष्ठभ्रातु: प्रवासं च त्रीन् दोषान् कोऽभिधास्यति ।।

10. निम्नलिखित बातों को आधार में रखकर संस्कृत में समाचार लिखिए : *6*

घटना : गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृत कवि-सम्मेलन का आयोजन

क्या हुआ : मुख्य अतिथि दिल्ली के राज्यपाल श्रीमान वैजल उपस्थित, उन्होंने कवियों को माला पहनाकर स्वागत किया । कवियों ने विविध समसामयिक विषयों पर कविताओं का पाठ किया ।

कब हुआ : 23 जनवरी, 2017

स्थान : दिल्ली विश्वविद्यालय, कला-संकाय भवन

अथवा

संस्कृत लेखन में कौन-सी विभिन्न प्रकार की अशुद्धियाँ हो सकती हैं ? किन्हीं पाँच पर विशेष प्रकाश डालें ।